# न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, खूँटी

(2)

अनुमति वाद संख्या :–136/2020–21

(छोटानागपुर काष्तकारी अधिनियम की धारा – 46)

नितेश तिड़ू – विक्रेता

पीटर तोपनो – क्रेता

| आदेष की क्रम संख्या और तारीख | आदेष और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी, तारीख सहित |
|---|---|---|
| 12.10.20 | **आदेश** | |

आवेदक श्री नितेश तिड़ू पिता स्व0 निरल तिड़ू ग्राम–मैदान टोली, थाना खूँटी जिला खूँटी ने श्री पीटर तोपनो पिता बरनाबस तोपनो ग्राम–जियारप्पा, थाना–खूँटी, जिला खूँटी के साथ निम्नलिखित भूमि के विक्रय हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 के अन्तर्गत अनुमति हेतू आवेदन पत्र दिया है।

| ग्राम | थाना नं0 | खाता नं0 | खेसरा सं0 | रकबा(एकड़ में) |
|---|---|---|---|---|
| जियारप्पा | 227 | 76 | 2261 | 0.15 |
| | | | 2262 | 0.08 |
| | | | | 0.23 |

उभय पक्ष अपने विद्वान अधिवक्ता के साथ उपस्थित हुए आवासीय/जाति प्रमाणपत्र/खतियान एवं लगान की रसीद सं0 0859731157 की छायाप्रति प्रस्तुत की गई। नोटिस का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। अंचल अधिकारी, खूँटी के पत्रांक 774 दिनांक 26.09.20 से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। जाँच प्रतिवेदन के अनुसार प्रश्नगत भूमि बिक्री केवाला पट्टा सं0–766/746 दिनांक 17.10.1960 से क्रय की गयी है। खतियानी रैयत का नाम मुण्डलु मुण्डा वगैराह हैं। पंजी II के अनुसार मरियम तिड़ू वगैराह के नाम भूमि का रकवा 1.64 एकड़ है। आवेदक के कुल रकबा 1.64 एकड़ भूमि के आलावा अन्य खाता से रकबा 1.11 एकड़ भूमि कुल रकबा 2.75 एकड़ भूमि है। मालगुजारी का भुगतान वित्तीय वर्ष 2020–21 तक किया गया है। भूमि का न्युनतम प्रस्तावित 11149.00(ग्यारह हजार एक सौ उनचास)रू0 प्रति डीसमिल है। इस भूमि के विक्रय में आवेदक के हिस्सेदारों की कोई आपत्ति नहीं है। भूमि विक्रय के बाद आवेदक के पास कुल भूमि अवशेष 2.52 एकड़ रह जाती है। इस प्रकार आवेदक भूमिहीन नहीं होते हैं।

आवेदक के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि क्रेता एवं विक्रेता एक ही थाना खूँटी के निवासी हैं एंव एक ही जाति (अनुसूचित जनजाति समुदाय) के सदस्य हैं। आवेदक अपने हिस्से की भूमि जो इनके दखल कब्जे की है। जिसे मकान बनाने हेतु विक्री करना चाहते हैं। प्रश्नगत भूमि गैर मजरूआ आम, खास, मन्दिर, मस्जिद, भूईहरी, पहनाई, कैसरेहिन्द, भूहदबन्दी एवं खुटकटी के दायरे में नहीं है। अंचल अधिकारी, खूँटी ने क्रेता–विक्रेता को भूमि क्रय–विक्रय करने हेतु अनुशंसा किये हैं।

आवेदक के विद्वान अधिवक्ता के बहस को सुनने प्रस्तुत कागजात एवं अंचल अधिकारी, खूँटी से प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन एवं किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण श्री नितेश तिड़ू पिता स्व0 निरल तिड़ू को श्री पीटर तोपनो पिता बरनाबस तोपनो के साथ ग्राम जियारप्पा के खाता सं0 76 खेसरा संख्या 2261,2262 का कुल रकबा 0.23 एकड़ भूमि न्यूनतम प्रस्तावित दर 11149.00(ग्यारह हजार एक सौ उनचास)के अनुशंसा के आधार पर भूमि विक्रय की अनुमति दी जाती है।

इस आदेष से अन्य अंशदार या हिस्सेदार का हक प्रभावित नहीं होगा। अभिलेख अभिलेखागार, खूँटी में जमा करें।

लेखापित एवं संशोधित

12/10/20

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
खूँटी।

12/10/20

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
खूँटी।